### एक नजर में

## शातिर बदमाश सूरज जगधने जिलाबदर



इंदौर. अपराधी प्रवृत्ति और लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले टापू नगर निवासी सूरज उर्फ रोहित जगधने के खिलाफ पुलिस आयुक्त ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार आरोपी अब इंदौर जिले नगरीय व देहात और इससे लगे सीमावर्ती जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा. थाना परदेशीपुरा क्षेत्र के रहने वाला 25 वर्षीय सूरज जगधने पुत्र मुन्नालाल पर पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. लगातार मिल रही शिकायतों और उसके खिलाफ पुलिस रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. पुलिस कमिश्नर ने उसके खिलाफ छह माह के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. पुलिस थाना परदेशीपुरा की टीम ने यह आदेश क्षेत्र में लाउड स्पीकर के माध्यम से सार्वजनिक रूप से सुनाया तथा आरोपी सूरज जगधने और उसके परिजनों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया है.

## जिलाबदर बदमाश गिरफ्तार



इंदौर. चंद्रावतीगंज पुलिस ने जिलाबदर घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है आरोपी मुकेश उर्फ खोदा को जिला दंडाधिकारी के आदेश के बावजूद इंदौर में अवैध रूप से प्रवेश करने पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हितिका वासल ने बताया कि थाना प्रभारी कृष्णा पदमाकर द्वारा सक्रिय किए गए मुखबिर तंत्र से सूचना मिली थी कि ग्राम पोटलोद रोड चंद्रावतीगंज निवासी बदमाश मुकेश उर्फ खोदा अपने घर पर मौजूद है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने पंचों की मौजूदगी में दबिश दी और मुकेश को उसके घर के बाहर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने अपनी पहचान मुकेश उर्फ खोदा पिता बृजलाल सोलंकी, उम्र 27 वर्ष निवासी चंद्रावतीगंज के रूप में बताई. मुकेश के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों को लेकर कई प्रकरण दर्ज हैं. इसी आधार पर उसे इंदौर सहित आसपास के सीमावर्ती जिलों उज्जैन, देवास, धार, खंडवा और खरगोन की सीमा से बाहर किया गया था.

## फसलों के जोखिम से बचने कराये फसल बीमा



देपालपुर. प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत 1 से 7 जुलाई फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कैक काटकर शुभारंभ किया गया है. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि देपालपुर तहसील के कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीब मौसम 2025 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा सकते है. शासन के निर्देश अनुसार बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. कृषक भाई निर्धारित तिथि तक संबंधित बैंको, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर में अपनी फसल का बीमा करा सकते है. खरीब मौसम के लिए प्रीमियम राशि स्कूल ऑफ फायनेंस का 2 प्रतिशत देय है. अऋणी/डिफॉल्टर कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक शाखा एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से करवा सकते है. ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जावेगा। खरीब मौसम में पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन फसलों को अधिसूचित किया गया है. खरीब सोयाबीन सिंचित फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 900 रू. प्रीमियम किसानों को देय होगा। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर कृषक अपनी फसल का बीमा करा सकते है.

## इनर व्हील क्लब महू की नई कार्यकारिणी गठित

महू. इनर व्हील क्लब महू की नवीन कार्यकारिणी का गठन वर्ष 2025 के लिए संपन्न चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया. नवचयनित पदाधिकारियों ने क्लब की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर प्रीति खंडेलवाल को क्लब की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई. मनीषा शर्मा को सचिव पद की जिम्मेदारी मिली है, जो प्रशासनिक कार्यों का समुचित संचालन करेंगी. अंशु गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो क्लब की वित्तीय गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगी. सरिता खंडेलवाल को संपादक का पदभार मिला है, जो क्लब की गतिविधियों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करेंगी. वहीं आईएसओ (इंटरनेशनल सर्विस ऑर्गनाइज़र) के रूप में फातिमा कुरैशी का चयन हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्लब के समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देंगी. कार्यकारिणी के गठन पर क्लब की वरिष्ठ सदस्यों एवं शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं- किरण गोयल, किरण महेश्वरी, गीता कनोजिया, रेनू बंसल, शालिनी जिंदल, मंजू हल्तवानी, सुनीता नैना, कविता वर्मा, वंदना नेगी आदि ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की.

## 54 बसों की चेकिंग, 16 वाहनों के बनाए चालान

महू. लोकसेवा परिवहन में प्रयुक्त उपनगरीय बसों पर चेकिंग लगाकर करवाई की गई. इस कार्रवाई के तहत जहां उपनगरीय बसों के चालान बनाए गए, वही दो पहिया वाहनों के भी चालान काटे गए. पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश द्विवेदी व एसडीओपी ललित सिकरवार के मार्गदर्शन में सार्वजनिक यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस महू द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है. इसी तारतम्य में गुरुवार को किशनगंज थाने के सामने विशेष चेकिंग लगा कर उपनगरीय बसों एवं अन्य वाहनों के सभी दस्तावेज जिसमें वाहन का बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी, ड्राइवर लाइसेंस एवं ड्राइवर की वर्दी, प्रेशर हॉर्न, नंबर प्लेट व ओवरलोड सवारी की चेकिंग की गई। इस दौरान करीब 54 बसों को चेक किया गया. दस्तावेज में कमी होने एवं प्रेशर हॉर्न लगे पाए जाने पर यातायात पुलिस महू द्वारा मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई साथ ही प्रेशर हॉर्न खुलवा कर जप्त किए गए. इस दौरान कुल 16 वाहनों के चालान बनाए गए एवं दो वाहनों से प्रेशर हॉर्न खुलवाकर जप्त किए गए.

# दलाल बनकर 1 .69 करोड़ की ठगी करने वाला मुंबई से गिरफ्तार

- इंदौर की गारमेंट कंपनियों से माल दिलवाकर किया भुगतान में धोखा
- देशभर के व्यापारियों को बनाया शिकार



**इंदौर.** क्राइम ब्रांच की टीम ने गारमेंट कारोबार की आड़ में करीब 1.69 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले शातिर दलाल को महाराष्ट्र के मुंबई से गिरफ्तार किया है. आरोपी खुद को गारमेंट डीलर बताकर देश के विभिन्न शहरों के व्यापारियों से रेडीमेड कपड़ों का माल डिलवाता था, लेकिन न भुगतान करता और न ही माल लौटाता. पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है.

क्राइम ब्रांच ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी 40 वर्षीय किरीट जडेजा उर्फ कार्तिक मूलत: मांडवी, जिला कच्छ गुजरात का निवासी है और वर्तमान में ठाणे, महाराष्ट्र में रह रहा था. आरोपी सातवीं तक पढ़ा है और उसने कपड़ा व्यवसाय में दलाली करना कबूल किया है. वह फर्जी एजेंसी बनाकर व्यापारी और सप्लायर के बीच मध्यस्थ बनता था और अपने झांसे में लेकर माल मंगवाता था. यह कार्रवाई फरियादी मुकेश जैन और इंदौर के अन्य गारमेंट व्यापारियों की शिकायत के आधार पर की गई, जिनकी फर्मों को आरोपियों ने जुलाई-अगस्त 2024 के बीच झांसे में लिया. आरोपियों ने खुद को 'श्री इन्द्रेश्वर टेक्सटाइल एजेंसी' ऑफिस- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, गेस्ट हाउस रोड, इंदौर से जुड़ा बताकर कहा कि वे विभिन्न राज्यों के व्यापारियों से रेडीमेड गारमेंट्स के ऑर्डर दिलवाएंगे और भुगतान 30 से 45 दिनों में करा देंगे. इस झूठे भरोसे के आधार पर फरियादी पक्ष ने वीआर ट्रेडिंग मुंबई, साई इम्पेक्स मुंबई, हर्षा ट्रेडर्स मुंबई, रॉयल क्रिएशन हैदराबाद, राशि कलेक्शन हैदराबाद, पी डब्ल्यू ऑल्स ओवरसीज बेंगलुरु, शिवशक्ति इंडस्ट्रीज मुंबई, जुबिया टेक्सटाइल हैदराबाद, फेब्रिक वर्ल्ड तेलंगाना और खुशबू इंटरप्राइजेस पाली, राजस्थान सहित अन्य कंपनियों को करीब 1,69,96,876 रुपए मूल्य का रेडीमेड कपड़ा सप्लाय किया. लेकिन अब तक भुगतान नहीं मिला. जब लगातार मांग करने पर भी न तो पैसा मिला और न ही माल वापस आया, और आरोपी फोन तक उठाना बंद कर चुके थे, तब फरियादियों ने पुलिस में शिकायत की. आरोपीगण अपना इंदौर ऑफिस बंद कर फरार हो चुके थे.

**नेटवर्क की जानकारी जुटा रहे**

क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अपराध प्रकरण दर्ज कर आरोपी किरीट जडेजा को मुंबई से गिरफ्तार किया है. पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है. पूछताछ में अन्य राज्यों के और भी व्यापारियों के साथ हुई ठगी के खुलासे की उम्मीद है.



# रालामंडल में सर्विस रोड के गड्ढे हुए दुरुस्त

- नई एजेंसी ने डामरीकरण कर बदली सूरत

इंदौर. रालामंडल क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लायओवर के चलते डायवर्ट किए गए ट्रैफिक से सर्विस रोड पर भारी दबाव था. बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे रोज वाहन फंसते और लंबा जाम लग जाता था. हालत दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे थे, लेकिन जिम्मेदार निर्माण एजेंसी की लापरवाही से कोई सुधार नहीं हो रहा था.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ट्रैफिक जोन 3 हिंदू सिंह मुवेल के निर्देशन में बीट प्रभारी सूबेदार अमितकुमार यादव ने मोर्चा संभाला और फ्लायओवर निर्माण में लगी एजेंसी को बदलवाकर नई एजेंसी से काम शुरू कराया गया. नतीजा यह हुआ कि महज एक सप्ताह में ही सड़क की तस्वीर बदल गई. सर्विस रोड पर गड्ढे भरे गए और डामरीकरण कर आवागमन को सुचारु बनाया गया. बरसात और भारी ट्रैफिक दबाव के बावजूद नई एजेंसी ने तेजी से काम पूरा किया. वहीं, इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन के चलते किसी प्रकार का जाम नहीं लगने दिया गया. स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस की सराहना की है.

# होटल में फर्जी पहचान के साथ रुका युवक पकड़ा



इंदौर. चिकित्सक नगर की होटल गोल्डन स्काई में बुधवार रात उस समय हंगामा मच गया जब एक युवक कथित तौर पर फर्जी पहचान के सहारे कमरा लेकर एक युवती के साथ ठहरा हुआ मिला. सूचना पर पहुंचे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया. आरोप है कि युवक ने होटल रजिस्टर में अपना नाम बदलकर दर्ज किया था और कमरे में नशा कर रहा था. पुलिस ने दोनों को थाने ले जाकर प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जाती है. संगठन के कार्यकर्ताओं मानसिंह राजावत व जितेंद्र चौहान ने बताया कि उन्हें होटल में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली थी. कमरे में पहुँचने पर रजिस्टर में दर्ज नाम राहुल जायसवाल और युवक के पर्स में मिले आधार कार्ड का मिलान करने पर असली नाम फहीम पाया गया. कार्यकर्ताओं का दावा है कि युवक के मोबाइल फ़ोन में एमडी ड्रग सहित हथियारों के चित्र, अश्लील फोटो और कई युवतियों से की गई चैटिंग मिली है. सूचना पर परदेशीपुरा थाना पुलिस होटल पहुँची और युवक-युवती को पकड़कर थाने लाई. प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि युवती भोपाल से पार्टी के लिए इंदौर आई थी. पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क कर रात में ही शहर बुला लिया. होटल प्रबंधन से भी रजिस्टर व सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिये गये हैं. हिंदू जागरण मंच के आरोप हैं कि युवक किसी लव जिहाद गैंग से जुड़ा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है, अधिकारियों के अनुसार युवक पर फर्जी पहचान दिखाकर कमरा लेने, अश्लील सामग्री रखने और शांति भंग करने जैसी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तथ्यात्मक जांच जारी है.

# 23 चौराहों पर नव आरक्षकों ने संभाली ट्रैफिक की कमान

- व्यावहारिक प्रशिक्षण के तहत सड़क सुरक्षा, नियमों और अनुशासन की दी सीख

**इंदौर. यातायात प्रबंधन की बेहतर समझ और अनुशासन के व्यवहारिक प्रशिक्षण की दिशा में शहर में एक अहम पहल देखने को मिली. पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज मूसाखेड़ी में प्रशिक्षणरत 205 नव आरक्षकों ने शहर के 23 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संचालन संभालकर व्यावहारिक अभ्यास किया. इसमें महिला और पुरुष दोनों आरक्षकों ने भाग लिया.**

इस विशेष अभ्यास का उद्देश्य नव आरक्षकों को ट्रैफिक कंट्रोल, सड़क सुरक्षा, नियमों के पालन और आपात परिस्थितियों में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने जैसे अहम बिंदुओं पर फील्ड में प्रशिक्षण देना था. यह कार्यक्रम पीटीसी और इंदौर यातायात पुलिस के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया था. इन नव आरक्षकों ने इन प्रमुख चौराहों पर संभाला था यातायात पिपलियाहाना, रोबोट, रेडिसन, देवास नाका, सत्य साईं, विजयनगर, रसोमा, एमआर 9, एलआईजी, बापट, चंद्रगुप्त मौर्य, नौलखा, व्हाइट चर्च, गीता भवन, होमगार्ड, पलासिया, गिटार तिराहा, इंडस्ट्री हाउस, घंटाघर, हाईकोर्ट, लैंटर्न, रीगल सर्किल और मधु मिलन.

**इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अभ्यास किया** - स्टॉप लाइन और ट्रैफिक लाइट नियमों का कड़ाई से पालन. ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर पैदल यात्रियों को प्राथमिकता, लेफ्ट टर्न की सुलभता सुनिश्चित करना, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करना, इमरजेंसी वाहनों के लिए रास्ता क्लियर करना, हाथों से ट्रैफिक संचालन का अभ्यास, चालानी प्रक्रिया की जानकारी, कानून व्यवस्था की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल के उपाय.



**डीसीपी यातायात ने की हौंसलाअफजाई**

इस दौरान डीसीपी यातायात अरविंद तिवारी ने पिपलियाहाना चौराहे पर पहुंचकर ड्यूटी कर रही महिला नव आरक्षकों की हौसलाअफजाई की. वहीं एसीपी हिन्दू सिंह मुवेल ट्रैफिक जोन-3 और एसीपी मनोज खत्री ट्रैफिक जोन-2 ने अलग-अलग चौराहों पर पहुंचकर दिशा-निर्देश दिए. पीटीसी के डीएसपी अनिल वर्मा और उनकी टीम ने भी निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की.

# आबकारी विभाग ने 12 .82 लाख की अवैध शराब की नष्ट

**इंदौर. आबकारी विभाग बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 12.82 लाख रुपए मूल्य की 317 पेटी अवैध व मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त मदिरा को नष्ट कर दिया. यह कार्रवाई माउंट ब्रेवरी लिमिटेड, सिमरोल परिसर में की गई, जहां शराब की 2853 बल्क लीटर मात्रा पर रोड रोलर चलाकर उसे नष्ट किया.**



यह नष्टीकरण आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश और इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर की गई. कार्रवाई सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी अभिजीत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुई. जप्त की गई यह मदिरा न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित थी तथा प्रयोगशाला परीक्षण में मानव उपयोग के लिए अनुपयुक्त पाई गई थी. नष्ट की गई शराब को नष्ट करने के दौरान पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की गई. नष्टीकरण प्रक्रिया में उपस्थिति दर्ज कराने वाली अधिकृत समिति में अनुविभागीय अधिकारी अभिजीत श्रीवास्तव, सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक त्रिपाठी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनिल माथुर एवं आबकारी उपनिरीक्षक सुनील मालवीय शामिल रहे.

# दो आदतन अपराधी पिट एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार

*छह माह के लिए भेजे गए भोपाल जेल*

**इंदौर.** थाना परदेशीपुरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो कुख्यात अपराधियों करण उर्फ कान्हा यादव और राजिक उर्फ राजिद खां के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों को छह-छह माह की अवधि के लिए भोपाल जेल में भेज दिया है.

दोनों बदमाशों पर 35 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट के गंभीर मामले भी शामिल हैं. डीसीपी जोन-2 हंसराज सिंह ने बताया कि मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ शहरभर में लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत राजिक उर्फ राजिद पिता कल्लू खां, निवासी लाल गली, थाना परदेशीपुरा- एनडीपीएस एक्ट के 2 मामलों सहित 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज, करण यादव उर्फ कान्हा पिता संजय यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी मालवा मील की पक्की चाल, थाना परदेशीपुरा एनडीपीएस एक्ट के 2 मामलों सहित 16 अपराध दर्ज. इन्हें छह माह के लिए भोपाल जेल भेजा गया है.

# खड़ी ट्रेन में लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

*मोबाइल और नकदी बरामद*

इंदौर. भोपाल-दाहोद पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने वाले तीन शातिर बदमाशों को जीआरपी मेघनगर ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों से लूटा गया मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद कर ली गई है. चौथा आरोपी नाबालिग है, जिसकी तलाश जारी है. रेलवे पुलिस की इस तेज़ कार्रवाई को यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

घटना 26 जून की रात 9 बजे बिलड़ी स्टेशन पर हुई, भोपाल-दाहोद पैसेंजर स्टेशन पर खड़ी थी. इसी दौरान चार अज्ञात युवक ट्रेन में चढ़े और उज्जैन से दाहोद की यात्रा कर रहे फरियादी व उसके भाई से मारपीट कर 14,500 कीमत का मोबाइल और 2,400 नकद लूटकर फरार हो गए थे. इस घटना से यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया था. घटना के तुरंत बाद जीआरपी थाना मेघनगर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एडीजी रेल रवि कुमार गुप्ता, डीआईजी रेल श्रीमती मोनिका शुक्ला और एसपी रेल इंदौर संतोष कौरी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई. डीएसपी रेल रतलाम श्रीमती ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. 21 वर्षीय बहादुर पिता दलसिंह गामड़ निवासी ग्राम बिलड़ी, थाना रावटी, जिला रतलाम, वहीं 19 वर्षीय रामू पिता पुना खदेड़ा निवासी ग्राम भागावाड़, थाना रावटी, जिला रतलाम, 24 वर्षीय अशोक पिता संदीप गामड़ निवासी ग्राम बिलड़ी, थाना रावटी, जिला रतलाम इनसे लूटा गया विवो मोबाइल और नकदी बरामद हुई है. चौथा आरोपी नाबालिग है, जिसकी पहचान गोपनीय रखी गई है और तलाश की जा रही है.

**समस्या** मामला वार्ड 79 की विदुर नगर टेकरी का, पक्की सड़क बनने का इंतजार

# सड़कों पर कीचड़ और गड्ढों से परेशान रहवासी



**इंदौर. विकास की शुरूआत के लिए कई वर्षो लग जाते हैं. जब फाइल बनती है तो बजट ख़त्म. फिर बजट आता है तो उद्घाटन होता है. इस दौरान वादे भी किए जाते है फिर लंबा इंतज़ार शुरू हो जाता है. कई जगह तो सालों बीत जाते हैं तब कहीं कार्य होता ज़रूर है जिसमें कई तरह के बदलाव हो जाते हैं.**

कच्चा मार्ग एक नहीं बल्कि पूरी कॉलोनी की हर गली का मामला है. मुख्य मार्ग पिछले पंद्रह वर्षो से पक्का नहीं बन पाया. यहां मामला वार्ड क्रमांक 79 में हवा बंगला से डेढ़ किलोमीटर दूर शहर के आखरी छोर पर बसी विदुर टेकरी कॉलानी का है. हर वर्ष वादों के मुताबिक रहवासी अपने क्षेत्र में विकास की राह देखते रहते थे. इन दिनों चारों तरफ लोगों की राह में सिर्फ कीचड़ गड्ढे और बरसात का गंदा पानी ही मिलता है. अपनी समस्या को लेकर कई बार शिकायत की. क्षेत्रीय पार्षद से भी मिले लेकिन बात कुछ जमी नहीं थी. लेकिन हाल ही में कुछ दिनों पहले अचानक विधायक, महापौर, क्षेत्रीय पार्षद और पार्टी के पदाधिकारी पहुचें और क्षेत्र में पक्की सड़क बनाने का उद्घाटन किया गया. बताया जाता कि इस विकास कार्य को अगले महीने से शुरू किया जाएगा. लेकिन यह भी खबर सामने आई है कि कई बार विकास की बात चली लेकिन पिछले पंद्रह वर्षो से कोई पहल नहीं हो पाई. इसके चलते लोगों में चर्चा हुई है कि जब तक कार्य शुरू नही होता किसी को विश्वास नहीं होगा. अब देखना यह है कि एक माह बाद बरसात में राहगीर पक्की सड़क का आंनद लेंगे या फिर लोग गिरते पड़ते अपनी मंज़िल तक पहुंचेंगे.

**इनका कहना है...**



जब से कॉलोनी बसी है तभी से पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया. इसी कच्ची सड़क के सहारे लोग आना जाना करते आ रहे है. अब देखो कहा जा रहा है एक अगस्त से कार्य शुरू होगा.

**- संजय श्रीवास्तव**



सरकारी कार्य है. अब देखो कब होता है. यहां कार्य सर्दियों और गर्मी में शुरू करना था. बरसात में बार-बार कार्य बंद होगा और लोगों की और मुसीबतें बढ़ेगी. बरसात में लोग घर में कैद हो जाते हैं.

**- रामनिवास भिलवारे**



वर्षों बाद कार्य शुरू होने जा रहा है तो अब जल्दी से सड़क बनना चाहिए. बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में बहुत मुश्किल होती है. कई लोग गिर जाते हैं. पक्की सड़क से रहवासियों का राहत मिलेगी.

**- सीमा सहानी**